तथा अन्य संगत बातों को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक काश्तकार की तम्बाकू की उपज का अनुमान लगाया जाता है । यदि काश्तकार-शोधक द्वारा तम्बाकू की घोषित मात्रा अनुमानित मात्रा से काफी नीचे रहती है अथवा काश्तकार द्वारा निपटाई गई मात्रा के रूप में हिसाब में ली गई तम्बाकू की मात्रा, घोषित मात्रा से बहुत कम रहती है और यदि उस कमी को उपयुक्त अधिकारी के समाधानप्रद रूप से हिसाब में नहीं लिया गया हो तो उपयुक्त अधिकारी केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियम, 1944 के नियम 37ए (2) के अन्तर्गत हिसाब में नहीं ली गई उपज का संक्षेपतः शुल्क-निर्धारण कर सकता है और शुल्क की अदायगी के लिए फार्म डी० डी० 2 में नोटिस जारी कर सकता है ।

(ख) और (ग). तम्बाकू उगाने वाले काश्तकारों के उत्पादन शुल्क निर्धारण के बारे में केन्द्रीय उत्पादन शुल्क निरीक्षकों के खिलाफ मंत्रालय में पिछले दिनों कोई विशिष्ट शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं ।

भारतीय तथा विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये लद्दाख का विकास

3227. **श्रीमती पार्वती देवी** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष तथा चालू वर्ष में कितने भारतीय तथा विदेशी पर्यटक लद्दाख गये तथा लद्दाख में पर्यटकों की बढ़ती हुई रुचि को ध्यान में रखते हुए लद्दाख का विकास करने के लिये क्या नई योजनायें और सुविधायें सरकार के विचाराधीन हैं ; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान लद्दाख में पर्यटकों से कितना राजस्व प्राप्त हुआ ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) ऐसा समझा जाता है कि 1976 में 4600 के मुकाबले में नवम्बर, 1977 के मध्य तक करीब 7000 विदेशी पर्यटकों ने लद्दाख की यात्रा की । देशीय पर्यटकों की संख्या बिल्कुल कम होने नाते, उनके कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

लेह में वहां के स्थानीय निवासियों द्वारा अपने घरों में 'पेइंग गैस्ट' आवास उपलब्ध कराने के अलावा पर्यटकों के लिये वहां बड़े पैमाने पर कोई सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गयी है । तथापि राज्य सरकार को लद्दाख के लिये पर्यटन विकास का एक मास्टर प्लान तैयार करने का सुझाव दिया गया है जिससे लद्दाख में पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध कराते समय इसकी पर्यावरणात्मक (Fnuironmental) तथा सांस्कृतिक विशेषताओं को कोई क्षति न पहुंचे । जहां तक लद्दाख के लिये विमान सेवा का प्रश्न है, इंडियन एयरलाइन्स का 3 नये बोइंग -737 प्राप्त कर लेने पर वहां के लिये एक सेवा परिचालित करने का प्रस्ताव है ।

(ख) लद्दाख में पर्यटन से कोई राजस्व अर्जित नहीं किया गया है क्योंकि केन्द्रीय क्षेत्र में वहां कोई सुविधाएं प्रदान नहीं की गयी हैं ।

Loans and other Assistance to Consumer Cooperative Societies

3228. SHRI ANANT DAVE: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether banks give loans to consumer cooperative societies and charge high rate of interest; and if so, the rate of interest charged by banks from consumer cooperative societies;

(b) in view of the high rate of interest how the consumer cooperative societies can function effectively and look after their staff members properly; and